## महत्वपूर्ण एवं खास

### रिसाली दशहरा मैदान में बासी खाना खाने से 9 मवेशियों की मौत, एफआईआर दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** भिलाई के रिसाली दशहरा मैदान में बासी खाना खाने से 09 मवेशियों की मौत हुई है। इनमें 06 गाय, 02 बछिया और 01 सांड है। उक्त मामले में नगर पालिका निगम भिलाई के जोन क्रमांक -6 रिसाली द्वारा पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। उक्त जानकारी कृषि व पशुधन विकास मंत्री रविन्द्र चौबे ने विधानसभा में जनता कांग्रेस छग के विधायक व पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के लिखित प्रश्नों के लिखित उत्तर में दी है। मंत्री श्री चौबे ने भाजपा सदस्य ननकीराम कंवर के अन्य एक लिखित प्रश्नों के उत्तर में यह भी जानकारी दी है कि कोरबा जिले के पाली जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत नुरेरा में विगत माह में हुए मवेशियों की मौत मामले में जिम्मेदार व्यक्ति के विरूद्ध 12 जनवरी 2020 को नायब तहसीलदार पाली द्वारा एफआईआर दर्ज कराया गया है। मंत्री ने यह भी बताया कि वहां 10 मवेशियों की मौत हुई है जिसे नायब तहसीलदार की उपस्थिति में दफनाया गया। मृत मवेशियों की संख्या के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटघोरा को प्रस्तुत प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया है।

### साउंड सिस्टम बजाने के विवाद में दो पक्ष भिड़े,मामला दर्ज

**रायपुर आरएनएस)।** जन्म दिन के अवसर पर साउंड सिस्टम बजाने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट किये जाने की रिपोर्ट गुढ़ियारी थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार सूर्यानगर गोगांव गुढ़ियारी निवासी आसुतोष सोनोने 27 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी देव यादव के जन्म दिन के अवसर पर घर के सामने साउंड सिस्टम बजा रहा था,इसी दौरान मनोज साहु 25 वर्ष व चैतुराम साहु एवं अजय साहु निवासी सूर्यानगर गोगांव ने गाली-गलौच कर साउंड सिस्टम का तार निकाल दिया मना करने पर मारपीट कर चोट पहुंचाया। इसी तरह मनोज साहू 25 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि देव यादव के जन्म दिन के अवसर पर घर के पास साउण्ड सिस्टम लगाकर बजा रहा था तभी आसुतोष सोनोने 27 वर्ष एवं अभिषेक आकर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर दूसरा गाना बजाने को बोला नही बजाने पर आरोपियों ने प्रार्थी के साथ मारपीट कर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो पक्षों के खिलाफ गाली-गलौज व मारपीट करने के जुर्म में मामला कायम कर अपराध दर्ज कर लिया है।

### राज्यपाल ने कस्तूरी देवी अग्रवाल के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल अनुसुइया उईके ने एक प्रतिष्ठित समाचार पत्र समूह के चेयरमैन स्व. रमेशचंद्र अग्रवाल की माताजी श्रीमती कस्तूरी देवी अग्रवाल के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया है। राज्यपाल ने स्वर्गीय श्रीमती कस्तूरी देवी अग्रवाल के शोकसंतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

### उद्यानिकी संचालनालय के श्री तोषण कुमार चन्द्राकर को अंतिम नोटिस जारी

**रायपुर।** संचालनालय उद्यानिकी प्रक्षेत्र वानिकी नवा रायपुर के वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी, मोना निवास वार्ड क्रमांक 18 नया रावणभांठा महासमुंद जिला महासमुंद को 7 दिसम्बर से निरन्तर अनुपस्थित रहने के कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। संचालक उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा श्री तोषण कुमार चन्द्राकर को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया। संचालक द्वारा जारी कारण बताओ अंतिम नोटिस में श्री तोषण कुमार चन्द्राकर को सात दिवस के अन्दर संचालनालय में उपस्थित होकर अपना उत्तर प्रस्तुत करने का निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समयावधि में उत्तर प्राप्त नहीं होने एवं संतोषप्रद न होने पर एकतरफा कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार रहेंगे का लेख किया गया है। संचालक द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस के अनुसार-आप 7 दिसंबर 2019 से निरंतर अनुपस्थित हैं। पिछले कुछ माह से देखा जा रहा है कि आप स्वेच्छा से अनुपस्थित रहने के आदी हो चुके हैं तथा शासकीय कार्य में आपकी रूचि नहीं है।

# जिला पंचायत में महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जनवरी 2020 को जिला पंचायत रायगढ़ में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋचा प्रकाशचौधरी के अध्यक्षता में जिला पंचायत रायगढ़ की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान,प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।





मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान योजना की समीक्षा के दौरान लाभान्वित बच्चों का वजन एवं एनीमिक महिलाओं का एनीमिया जांच माह में एक बार स्वास्थ्य विभाग के समन्वयन से कराये जाने के तथा प्रत्येक 3 माह में जांच एवं तुलनात्मक अध्ययन/निगरानी एनीमिक महिलाएं का हिमोग्लोबिन पर्याप्त होने पर तत्काल हितग्राही सूची से बाहर न करने बल्कि फालोअप के पश्चात आगामी माह में बाहर किया जाने के निर्देश समस्त परियोजना अधिकारी एवं सेक्टर पर्यवेक्षकों को दिये गये। परियोजना अधिकारी/सेक्टर पर्यवेक्षकों को योजनांतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों के घर-घर जाकर कर उनके खान-पान के व्यवहार में पोषण वृद्धि संबंधी परिवर्तन लाने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिये गये। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा के दौरान करेकशन क्यू में पेंडिंग आवेदनों का निराकरण करने तथा दूसरे एवं तीसरे किश्त के पात्र हितग्राहियों के ऑनलाईन प्रविष्टि कराने के निर्देश दिये गये। योजनांतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से आवेदन प्राप्त होने पर संबंधित सेक्टर पर्यवेक्षक को तत्काल संबंधित परियोजना अधिकारी/सेक्टर पर्यवेक्षकों को सूचित करने के निर्देश दिये गये।

अन्य विभागीय योजनांतर्गत आंगनबाड़ी भवन निर्माण की विस्तृत समीक्षा की गई, जिसमें लम्बे समय से भवन निर्माण कार्य पूर्ण न होने वाले केन्द्रों को समय-सीमा में पूर्ण करने के तथा अप्रारंभ भवनों को अतिशीघ्र कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिये गये। जनप्रतिनिधियों को विभिन्न कार्यक्रम में शामिल कराने के भी निर्देश दिये गये। जिले अंतर्गत पूर्व मे स्वीकृत 2022 गैस सिलेण्डर आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु डी.एम.एफ. से स्वीकृत किया गया है शेष संचालित केन्द्रों हेतु डी.एम. एफ. से गैस सिलेण्डर स्वीकृति दिये जाने की सहमति प्रदान की गई, और अप्रैल 2020 से समस्त केन्द्रों में खाना गैस सिलेण्डर से बनाने के लिये निर्देशित किया गया। जिले अंतर्गत समस्त जर्जर भवनों को निष्प्रयोजित किये जाने हेतु जांच कर प्रतिवेदन हेतु कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग रायगढ़ को वस्तुस्थिति की जांच कर अभिमत पंचनामा, फोटोग्राफस सहित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने जाने हेतु सूची आर.ई.एस. को उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये गये। इस दौरान महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी टी.के.जाटवर सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जुआ फड पर घरघोड़ा पुलिस की दबिश

» 5 आरोपी गिरफ्तार रू. 7,430 की जब्ती



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** घरघोड़ा पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर दिनांक 27.02.2020 को रात्रि करीब 9:00 बजे ग्राम रायकेरा नागडोंगरी आम स्थान में 52 पत्ती तास से जुआ खेलते जुआडियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकडे गये जुआडीयान 1. अमर सिंह राठिया पिता साधराम राठिया उम्र 42 वर्ष सा0 रायकेरा, 2. डिग्रीलाल नगेसिया पिता बुधराम नगेसिया उम्र 32 वर्ष सा0 रायकेरा, 3. रामचंद्र राठिया पिता गोविंद राठिया उम्र 32 वर्ष सा0 डंगबीरा थाना लैलुंगा, 4. दुजराम नगेसिया पिता पुनउ नगेसिया उम्र 21 वर्ष सा0 रायकेरा, 5. बंशीलाल राठिया पिता खगेश्वर राठिया उम्र 26 वर्ष सा0 रायकेरा थाना घरघोडा जिला रायगढ के पास से 6580 रूपये एवं फड से 850 रूपये कुल जुमला रकम 7,430 रूपये व 52 पत्ती तास एवं एक प्लास्टिक का बोरा जप्त किया गया है। आरोपियों के खिलाफ थाना घरघोड़ा में 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है।

## युवती से छेड़खानी जुर्म दर्ज



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना बरमकेला में दिनांक 28/02/2020 को 21 वर्षीय युवती द्वारा छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। पीड़िता कॉलेज की प्रथम वर्ष की छात्रा है। आज दिनांक 28.02.2020 को सुबह करीब 08ः30 बजे कॉलेज जाने के लिए अपनी साइकिल से निकली थी, सुबह करीब 09/00 बजे युवती रास्ते में ग्राम चांटीपाली दुर्गा मंदिर में दर्शन करने गई तो युवती के गांव का लक्ष्मीनारायण यादव युवती को बेज्जती करने के नियत से हाथ बह को पकडकर छेडकानी कर जान से मारने की धमकी देने लगा। युवती बताई की लक्ष्मी नारायण यादव गांव का होने से जान परिचय है, बातचीत करते थे जो अब लक्ष्मी नारायण यादव शादी करूंगा कहकर पढ़ाई छुड़ाने की बात करता है और छेड़खानी करता है। युवती घटना की जानकारी अपने घरवालों को बताकर थाना बरमकेला में रिपोर्ट दर्ज कराई है, रिपोर्ट पर आरोपी लक्ष्मी नारायण यादव के विरुद्ध धारा 354, 506 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## बाइक में शराब परिवहन करते युवक को घरघोड़ा पुलिस ने पकड़ा, 51 पाव देसी प्लेन जप्त

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** घरघोड़ा पुलिस द्वारा आज दोपहर करीब 15:20 बजे लैलूंगा रोड एन.टी.पी.सी. कार्यालय के आगे मोटरसाइकिल होंडा साइन सीजी 14 एमएल 9298 में दीपक टोपो पिता स्वर्गीय भूमि फास्ट टोपो उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम सुरंगपानी थाना बागबाहर जिला जसपुर को मोटरसाइकिल पर थैले में टांग कर 51 पाव देसी प्लेन शराब कीमती 3060 रुपए को अवैध रूप से परिवहन करते पकड़ा गया है आरोपी के विरुद्ध थाना घरघोड़ा में 59 (क), 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

## जूटमिल पुलिस की आर्म्स एक्ट की कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जूटमिल पुलिस चौकी में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक खेमराज पटेल व हमराह स्टाफ द्वारा आज दोपहर करीब 14:00 बजे देवारपारा सोनमुड़ा पानी टंकी के पास कुमार भट्ट पिता बादल भट्ट उम्र 23 साल निवासी देवारपारा सोनूमुड़ा को लोहे का कस्ता के साथ पकड़े। आरोपी युवक कस्ता से लोगों को डरा धमका रहा था, आरोपी के विरुद्ध पुलिस चौकी जूटमिल थाना कोतवाली में आर्म्स एक्ट की कार्यवाही की गई है।

## सूफ़ियाना महफ़िल में झूम उठे श्रोता - जनप्रतिनिधियों और संगठनों का हुआ सम्मान

» वक़्फ़ बोर्ड और उर्दू अकादमी का आयोजन

**रायपुर।** अपनी जायदात वक़्फ़ करने वाले वाकेफीन के इसाले सवाब के लिए छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा कुरआन ख्वानी, दरूद ख्वानी के साथ ही शहीद स्मारक भवन में सूफियाना महफिल का आयोजन किया गया। इस मौके पर हाल ही में सम्पन्न चुनावों में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और मंडल आयोग के मनोनीत अध्यक्षों सहित विभिन्न समाजिक संगठनों को सम्मानित किया गया। देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत इस सूफियाना महफिल में उत्तरप्रदेश के संभल से आए कव्वाल सरफराज चिश्ती को सुनने के लिए राजधनी का शहीद स्मारक भवन पूरी तरह भरा हुआ था। इस मौके पर अल्पसंख्यक आयेग के अध्यक्ष महेंद्र सिंह छाबड़ा, हज कमेटी के अध्यक्ष असलम खान, महापौर रायपुर एजाज ढेबर, विधायक कुलदीप जुनेजा सहित अनेक प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में हाल के चुनावों में निर्वाचित और सरकार द्वारा मनोनयन किया गया है, इन सभी के अलावा निकाय चुनावों में मुस्लिम समाज से चुनाव जीत कर आने वाले प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया। इसी तरह राजधनी और अन्य शहरों में समाज सेवा के विभिन्न कार्यों से जुड़े श्रेष्ठ संगठनों का भी इस्तिकबाल किया गया। सम्मान के कार्यक्रम के बाद मौका था सूफियाना महफिल का, जो अजमेर शरीफ के ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स पाक के मौके पर वक़्फ़ बोर्ड और उर्दू अकादमी के संयुक्त तत्वावधन में आयोजित किया गया।






## थलसेना में भर्ती हेतु युवाओं को शारीरिक दक्षता के लिये दिया जाएगा प्रशिक्षण

» विकासखण्ड स्तर पर ट्रेनर्स द्वारा लगाये जाएंगे प्रशिक्षण कैम्प

» थलसेना में भर्ती रैली के लिये युवा 16 फरवरी से 31 मार्च तक ऑनलाइन पंजीयन

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थल सेना भर्ती रैली का आयोजन आगामी 16अपैल 2020को कवर्धा जिले में आयोजित किया जाएगा । भर्ती रैली छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए रोजगार के साथ साथ अपने देश की सेवा करने का अच्छा अवसर है। जिला प्रशासन की पहल पर रायगढ़ जिले के जो युवा थल सेना भर्ती रैली में शामिल होना चाहते हैं।

उनके शारीरिक दक्षता के लिये सम्पूर्ण जिले में विकासखण्ड स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम 10 मार्च से प्रारंभ किया जा रहा है। रायगढ़ विकास खंड के इच्छुक पुरूष युवाओं के लिए प्रशिक्षण का आयोजन रायगढ़ स्टेडियम बोईरदादर में किया जा रहा है जहां पंजीयन कराकर युवा प्रशिक्षण में शामिल हो सकते है। अन्य विकासखण्डों के लिये समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कार्यालय के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इच्छुक युवा जो प्रशिक्षण लेना चाहते हैं वे अपने संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय में पंजीयन कराके प्रशिक्षण शिविर में भाग ले सकते हैं वे प्रभारी अधिकारी ने बताया कि विकास खंड पुसौर में जीवन नायक बरमकेला में प्रमोद यादव, घरघोड़ा में अरुण पटेल, लैलूंगा में देवेन्द्र मालाकार, धरमजयगढ़ में बी के पांडे, खरसिया में रामगोपाल पटेल, तमनार मुकेश चटर्जी एवं चन्द्रमणी गुप्ता द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। युवा अपने विकास खंड के व्यायाम शिक्षकों से भी संपर्क कर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं ।

उल्लेखनीय है कि थल सेना भर्ती में भाग लेने के लिए दिनांक 16 फरवरी से 31 मार्च 2020 तक ऑनलाईन पंजीयन और आवेदन करना अनिवार्य होगा।

ऐसे पुरूष युवक जिनकी आयु 17 से 23 वर्ष होगी, वे इसमें भाग ले सकेंगे। भर्ती प्रक्रिया में थल सेना द्वारा निर्धारित शारीरिक मापदंड एवं शैक्षणिक योग्यता तथा भर्ती के नियम एवं शर्तें लागू होंगी। भर्ती में सैनिक सामान्य ड्युटी जी.डी., सैनिक सामान्य ड्युटी अनुसूचित जनजाति , सैनिक तकनीकि, सैनिक नर्सिंग सहायक/सैनिक नर्सिंग सहायक वेटनरी, सैनिक लिपिक क्लर्क स्टोर कीपर, सैनिक ट्रेडमेन आदि पदों पर अलग-अलग शारीरिक योग्यता की मांग रहेगी। यह भर्ती केवल छत्तीसगढ़ राज्य के युवाओं के लिए है, इस भर्ती में पंजीकरण और आवेदन इन्टरनेट द्वारा ऑनलाईन www.jäæinindia-naræ÷my.nic.in पर किया जावेगा। सेना भर्ती हेतु आवश्यक अहर्ताएं एवं दस्तावेजों में शिक्षा का प्रमाण पत्र 10वीं एवं 12वीं, निवास प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर हलफनामा रू. 10 का स्टाम्प आदि अनिवार्य रहेंगे। 21 वर्ष से कम आयु के शादी शुदा उम्मीदवार भर्ती के लिए योग्य नहीं होंगे आयु की गणना 01 अक्टूबर 2020 से किया जायेगा।

## डायल 112 इवेंट...



### 4 वर्षीय अबोध बालिका ने अज्ञात वस्तु का किया सेवन, मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** ग्राम मकरी में दिनांक 28.02.2020 के दोपहर 14:00 बजे रहने वाले बिसीकेशन राठिया की 4 वर्षीय पुत्री टिकेश्वरी राठिया अज्ञात वस्तु का सेवन कर ली थी जिसके इलाज के लिए परिजनों द्वारा डायल 112 को मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट दिया गया था। इवेंट पर श्वश्क्क वाहन में पहुंचे आरक्षक राजू कुमार साहू , महेश जाटवर द्वारा बालिका को छ्वाष्ट सारंगढ़ ले जाकर भर्ती कराया गया है।



### बड़े भाई ने कुल्हाड़ी से मारा, आहत के लिए मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पूंजीपथरा राइनो को दिनांक 28.02.2020 के सुबह 10:40 बजे कांटाझरिया में मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट मिला। इवेंट पर ईआरव्ही वाहन से आरक्षक नरेश रजक व वाहन चालक राइनो के साथ मौके पर रवाना हुए। जहां शिव कुमार चौहान पिता शोभाराम चौहान उम्र 45 वर्ष निवासी कांटाझरिया को उसके बड़े भाई ने शराब के नशे में कुल्हाड़ी से मारा था। आहत को डायल 112 स्टाफ द्वारा ईआरव्ही वाहन में ले जाकर सीएचसी घरघोड़ा में भर्ती कराया गया है।

» कलेक्टर यशवंत कुमार पहुंचे नवदम्पत्ति को आशीर्वाद देने

## बाल सदन में विवाह बंधन में बंधी पांच बेटियां

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** चक्रधर बाल सदन में पांच बेटियां वैवाहिक बंधन में बंधी। कलेक्टर यशवंत कुमार ने बाल सदन पहुंचकर नव दम्पत्ति को आर्शीवाद दिया और कहा कि ऐसा आयोजन युवा पीढ़ी तथा समाज के सामने मिसाल पेश करते है। बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं जिला होने के नाते इन बच्चियों के ऐसे शिक्षित व सम्पन्न परिवारों में विवाह होता देख दुगुनी खुशी हो रही है। महिला बाल विकास विभाग ने आयोजक की भूमिका निभाई। शहर के विभिन्न समाजसेवी लोगों व संस्थाओं द्वारा विवाह के लिये सहयोग प्रदान किया गया।



शहर के गणमान्य लोग भी बड़ी संख्या में रहे मौजूद

चक्रधर बाल सदन की बेटी सोनिया का विवाह कामठी नागपुर निवासी सौरभ वर्मा, विमला का विवाह रायगढ़ निवासी अमन गोयल, सुनीता का विवाह जबलपुर के प्रिंस जैन, महिमा का विवाह भांटापारा निवासी विनय अग्रवाल तथा संतोषी का विवाह अशोक नगर मध्यप्रदेश निवासी दीपक लोधी के साथ बाल सदन स्थित दुर्गा मंदिर में पूरे रीति रिवाज के साथ संपन्न हुआ। शहर के गणमान्य दंपत्तियों ने बच्चियों के पालक की भूमिका निभाते हुये उनका कन्यादान किया। इस अवसर पर नव विवाहिताओं को उपहार स्वरूप

कीचन व बरतन सेट, मिक्सी, इंडेकशन चूल्हा, अलमारी ,प्लास्टिक चेयरसेट ,ड्रेसिंग टेबल व अन्य घरेलू उपयोग की सामाग्री लगभग एक लाख रूपये के बराबर की राशि की दी गई। साथ ही लोगों द्वारा भेंट की गई लगभग तीन लाख पचास हजार रूपये की राशि को वितरित करते हुए प्रत्येक बेटी को लगभग 70 हजार रूपये स्त्रीधन के रूप में दिया गया।

आज बाल सदन से लेकर जा रही हूं तीसरी बहू- चक्रधर बाल सदन में बच्चियों का पालन पोषण बहुत अच्छे तरीके से हुआ है। यहां की पली बच्चियां बहुत ही सुशील और संस्कारी होती है और मैं ऐसा इसलिए कह पा रही हूं क्योंकि सुनीता इस बाल सदन से ब्याह कर हमारे परिवार में जाने वाली तीसरी बहु है। उक्त बातें श्वेता जैन ने कही जिनके पुत्र प्रिंस जैन का विवाह सुनीता के साथ संपन्न हुआ। जीवन संवारने का है प्रयास- कामठी निवासी तथा रेलवे में स्नैक्स सप्लाई का व्यवसाय करने वाले सौरभ शर्मा ने बताया कि मेरी शुरू से सोच यही थी कि मैं ऐसी किसी लड़की से शादी करूं और उसका जीवन संवार सकूं। मेरे इस पहल पर मुझे परिवार का पूरा सहयोग मिला है। देना चाहता था परिवार का सुख- पेशे से इलेक्ट्रिशियन दीपक लोधी ने बताया कि वह बिना परिवार की लड़की को एक परिवार का सुख देना चाहते थे।

## आज शुरू होगी देश की पहली निःशुल्क 'नालसा' विधिक सहायता हेल्प लाईन 15100

**ए.डी.आर. सेंटर एवं न्याय सदन भवन का होगा भूमि पूजन**

**रायपुर।** भारत की पहली निःशुल्क लीगल एड हेल्प लाईन नंबर 15100 जिला न्यायालय परिसर रायपुर में 29 फरवरी को प्रारंभ होगी। यह हेल्प लाईन कानूनी सलाह देने के लिए पूरी तरह से निःशुल्क हेल्प लाईन होगी।

जिला न्यायालय में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति श्री पी.आर. रामचंद्र मेनन, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के कार्यपालक अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के न्यायमूर्ति श्री प्रशांत कुमार मिश्रा एवं न्यायमूर्ति श्री गौतम भादुड़ी द्वारा इस हेल्प लाईन को प्रारंभ किया जाएगा। साथ ही न्यायालय परिसर में ए.डी.आर. भवन और न्याय सदन का भूमि पूजन किया जाएगा।

जिला न्यायालय परिसर रायपुर में यह कार्यक्रम प्रातः 10 बजे प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम में रायपुर जिला न्यायालय के समस्त न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण उपस्थित रहेंगे। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के निर्देश पर रायपुर में प्रारंभ हो रही यह हेल्प लाईन भारत की पहली समेकित और प्रतिनिधित्व प्रणाली पर आधारित निःशुल्क विधिक सहायता हेल्प लाईन है, जिसकी मदद लेने वाले सभी व्यक्तियों को बेहतर ढ़ंग से विधिक सलाह और सहायता उपलब्ध करायी जाएगी। यह हेल्प लाईन प्रदेश के अन्य सभी हेल्प लाईन नंबर और विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर जरूरतमंद लोगों को यथाशीघ्र सहायता उपलब्ध कराएगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480